अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

₹5

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 2 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 अगस्त 2021 ✦ वर्ष 10 ✦ कुल पृष्ठ 44 ✦ मूल्य ₹5




## चातुर्मास की शुभकामनायें





# स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

## (19 अगस्त 1927 – 31 अगस्त 2016)

जैन समाज के लिये आपका योगदान एवं समाज को
एक सूत्र में बांधे रखने का अन्तिम सन्देश सदैव स्मरणीय रहेगा।

आपका प्रेरणामय जीवन हमारे लिए सदैव पथ प्रदर्शक रहेगा।


MARSON'S

ISO 9001:2000 CERTIFIED COMPANY

समस्त परिवारीजन
स्टाफ एवं कर्मचारीगण



**MARSON'S ELECTRICAL INDUSTRIES**

(Prop. MEI Power Pvt. Ltd.)

www.marsonselectricals.com • E-mail : info@marsonselectricals.com
1/189, Delhi Gate, Civil Lines, Agra-282002 (India)
Ph : +91-562-2520027, 2850812 • Fax : +91-562-2851306

**Works :**
Mathura Road, Artoni, Agra - 282007 (India)
Ph : +91-2641448, 2642327-28 • Fax : +91-562-2641435

TRANSFORMERS EXPORTED TO OVER 15 COUNTRIES

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

*अंक 2 ✦ 25 अगस्त 2021 ✦ वर्ष 10*

Email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

मूल्य ₹ 5/-

*कुल पृष्ठ : 44*

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

**महासभा पदाधिकारी**

**श्री आर.सी. जैन *( अध्यक्ष )***
*(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.)*
एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)-302018
मोबा. : 9414279070, 9829999335
E-mail : rcjainras@gmail.com

**श्री राजीव रतन जैन *( महामंत्री )***
301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन,
इन्दौर (म.प्र.)-452001, मोबा.: 9425110204
E-mail : jainrajeevratan@gmail.com

**श्री अजीत जैन *( अर्थमंत्री )***
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

**पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल**

**डॉ. अनुपम जैन** *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

**श्री चन्द्रशेखर जैन** *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क
आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

**श्री प्रकाश चन्द जैन** *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार "बी"
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

**श्री पारस जैन गहनौली** *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

**श्री महेश चन्द जैन** *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

## *अध्यक्ष की कलम से....*

सादर जय जिनेन्द्र!

मैं अपनी बात उस समय रख रहा हूं तब वर्तमान कार्यकारिणी का अधिकारिक कार्यकाल जुलाई माह में समाप्त हो चुका है। किसी भी संस्था के चुनाव समय पर हों तथा कोई पदाधिकारी पद के साथ चिपकने का प्रयास न करे, यह संस्था की प्रगति एवं गतिशीलता के लिये जरूरी है। मैं भी चाहता था कि चुनाव समय पर हों परन्तु इस समय कोरोना गाईडलाइन्स के अन्तर्गत चुनाव कराया जाना सम्भव नहीं है। आशा है परिस्थितियां शीघ्र ही सुधरेंगी और चुनाव सम्पन्न हो सकेंगे। इसी आशा के साथ मैंने कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्ताव रखा था कि चुनाव के लिये अक्टूबर माह की कोई तिथि निश्चित कर शाखाओं से स्थान तय करने के सम्बंध में प्रस्ताव ले लिये जावें। खैर, प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल सकी और कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि जब भी बैठक फिजिकल हो, चुनाव की तिथि और स्थान तय किया जावे।

इस प्रकार चुनाव के समय और स्थान पर असमंजस बना हुआ है। यह स्थिति किसी भी संस्था के लिये अच्छी नहीं होती क्योंकि इस समय पदाधीन कार्यकारिणी प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर पाती। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि कोरोना गाईडलाइन्स में शीघ्र संशोधन हो ताकि चुनाव शीघ्रातिशीघ्र सम्पन्न हो सकें ताकि नवीन कार्यकारिणी का गठन हो सके। नये पदाधिकारी और भी अधिक उत्साह से कार्य कर सकेंगे।

मैं वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यों पर दृष्टि डालता हूं, मुझे लगता है कि हम लोग ज्यादा कुछ नहीं कर पाये। आधे से ज्यादा समय तो कोरोना के कारण ही बर्बाद हो गया। इस महामारी के कारण हमने सैंकड़ों समाज बन्धुओं/बहनों को असमय ही खो दिया। बहुत लोगों के धन्धे-रोजगार भी प्रभावित हुए। शाखा स्तर पर ऐसे परिवारों को सम्बल प्रदान करने के प्रयास भी किये गये परन्तु इस जनहानि एवं आर्थिक कठिनाईयों के कारण बहुत से परिवारों का कष्ट दूर नहीं किया जा सकता। हम सबका प्रयास यही होना चाहिये कि जो परिवार संकट में आये हैं उनकी मदद के लिये व्यक्तिगत स्तर, शाखा स्तर एवं सामाजिक स्तर पर अधिकाधिक प्रयास किये जावें।

सादर,

***आर.सी. जैन, अध्यक्ष, महासभा***

# भावभीनी श्रद्धांजलि



**पूजनीय पिताजी स्व. श्री प्यारेलाल जी जैन चौधरी**
**श्रद्धेय माताजी स्व. श्रीमती असरफी देवी जी जैन**
*(मूल निवासी - मौजपुर, अलवर)*



**स्व. श्रीमती इन्दु जी जैन**
*(धर्मपत्नी श्री पदम चन्द जैन)*
**(स्वर्गवास : 30.12.2018)**

*हम सभी परिवार के सदस्य सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये भगवान वीर से उनकी चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।*

## श्रद्धावनत

***पुत्र :***
पदम चन्द जैन
***पौत्र-पौत्रवधु :***
पारस जैन-रश्मि जैन,
***पौत्री-दामाद :***
डिम्पल-राजेश जैन
सिम्पल-नितिन जैन
प्रिती-उत्तम कोठारी
***पड़पोत्री-पौत्र :***
चेल्सी जैन-अक्षत जैन

***पुत्र :***
अनूप चन्द जैन
***पौत्र-पौत्रवधु :***
हेमन्त जैन-मधु जैन
***पौत्री-दामाद :***
सुनिता-सुनिल
अनिता-परवेश
विनिता-प्रताप
***पड़पौत्र :***
रोबीन-मानस

***निवास :***
बी-52, कीर्ति नगर, टोंक रोड, जयपुर
फोन : 0141-2706317, 9829066317, 9414055855

# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा कार्यकारिणी की दि. 18.07.2021 को आयोजित वर्च्युल (ऑनलाईन) बैठक का कार्यवाही विवरण

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की कार्यकारिणी की बैठक दि. 18.07.2021 को अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन की अध्यक्षता में वर्च्युल (ऑनलाईन) आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य/पदाधिकारी एवं विशिष्ठ अतिथियों सहित लगभग 70 सदस्य सम्मलित हुए।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेकर मीटिंग को प्रारम्भ किया गया। बैठक का प्रारम्भ मंगलाचरण से किया गया। मंगलाचरण **श्रीमती रेखा जैन आगरा** उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। इसके उपरान्त गत बैठक दिनांक 28.02.2021 जोकि अलवर में आयोजित हुई, उसकी कार्यवाही विवरण का वाचन महामंत्री द्वारा किया गया तथा अनुमोदन हेतु निवेदन किया गया, जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इसके बाद एजेण्डा पर बिन्दुवार विमर्श किया गया।

**1. कोराना काल में शाखाओं द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी एवं जागरूकता रखने पर विचार-विमर्श :-**

महामंत्री द्वारा बताया गया कि अलवर शाखा ने वेक्सीनेशन कैम्प लगवाये, मुम्बई शाखा, आगरा शाखा, ग्वालियर शाखा एवं अन्य शाखाओं द्वारा भी विभिन्न कार्य किये गये जिनकी सूची भिजवायें, उनको पत्रिका में प्रकाशित करवा दिया जावेगा।

**श्री वी.के. जैन** अध्यक्ष अलवर शाखा ने विचार रखे कि कोराना काल में जिन लोगों ने सहयोग राशि दी उन दानदाताओं के नाम पत्रिका में प्रकाशित कराये जावे, ताकि अन्य लोग प्रेरणा ले सकें।

**श्री जीतेन्द्र जी जैन,** पूर्व महामंत्री ने बताया कि सभी जैन समाज के सहयोग से 40 आक्सीजन कन्सनट्रेटर, आई.सी.यू. बैड मंगवाये गये जांच की सुविधा डिस्काउन्ट दर पर करवाई गई। यह कार्य एम.डी. जैन शिक्षा समिति के माध्यम से किये गये।

**श्री आर.सी. जैन,** अध्यक्ष ने बताया कि सुबोध शिक्षा समिति, जिससे मैं जुडा हुआ हूं, के माध्यम से राजस्थान सरकार को एक करोड़ रूपये दिये गये। लेकिन पत्रिका में उनको ही प्रकाशित कराया जायेगा जो पल्लीवाल जैन महासभा एवं शाखाओं के माध्यम से कराये गये हैं। अतः सभी शाखाऐं उनके द्वारा कराये गये कार्य की सूचना भिजवायें।

**2. कार्यकारिणी के निर्वाचन के संबंध में विचार-विमर्श :-**

महामंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि महासभा की कार्यकारिणी के 15 जुलाई 2021 को तीन वर्ष पूर्ण हो गये है। अतः आगामी सत्र हेतु चुनाव कराये जाने पर सभी अपने-अपने विचार रखे।

**अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन** ने बताया कि कोराना गाईड लाइन के कारण वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव कराया जाना संभव नहीं है। अतः अक्टूबर माह में चुनाव की तिथि तय कर ली जावे।

**श्री जीतेन्द्र जैन,** पूर्व महामंत्री ने बताया कि 06 माह की अवधि का कार्यकाल बढ़ा लिया जावे तथा इस अवधि में वोटर लिस्ट आदि तैयार कर ली जावे।

**श्री मुकेश चन्द जैन,** जयपुर ने कहा कि कम से कम 6 माह का कार्यकाल बढ़ाया जावे।

**श्री पारस चन्द खेरली** ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा कही गई बात सही है। अक्टूबर में चुनाव की तिथि तय कर ली जावे।

**श्री सुमत प्रकाश जैन,** पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि आगामी तीन माह में स्थिति सही होगी, ऐसी संभावना कम है। कार्यकाल 6 माह बढ़ाया जावे। इस अवधि में तैयारी करली जावे तथा जो शाखाऐं अपने यहां चुनाव कराने में रूचि लेगी उनके पत्र भी आ जाएगें।

**श्री आशीष जैन मुरैना, श्री मनीष जैन आगरा, श्री सतीश जैन पालम, श्री हरीश जैन अजमेर, श्री कमल जैन खोह (अलवर) एवं श्रीमती सुनीता जैन भरतपुर, श्रीमती उर्मिला जैन जयपुर, मृगेन्द जी मुम्बई, श्रीमती शशी पल्लीवाल मुम्बई, श्री भागचन्द जैन नोगावां (अलवर), श्रीमती रेखा जैन उपाध्यक्ष, श्री प्रमेन्द जैन आगरा** ने भी इस संबंध में अपने विचार

रखे तथा अन्त में कार्यकाल 6 माह बढाये जाने एवं आगामी बैठक जब भी फिजीकली होगी उसमें जो भी निर्णय हो उसके अनुसार कार्य करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

**3. शाखाओं को अधिक सक्रिय करने पर विचार-विमर्श :-**

महामंत्री ने अवगत कराया कि हमारी बहुत सी शाखाऐं बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं, लेकिन कुछ शाखाऐं अभी भी निष्क्रिय हैं, उनको भी सक्रिय किया जाना है। महामंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि अभी हाल ही में फिरोजाबाद शाखा के चुनाव सम्पन्न हुए है तथा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

**श्री मगन जैन** अलवर, क्षैत्रीय संगठन मंत्री ने बताया कि शाखाओं को सक्रिय करने के लिए जो कदम उठाये जाने हैं, वो उठाये जा रहे है। उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी शाखा के विवाद हेतु कमेटी का गठन किया गया, जिसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी, वह भी कार्यकारिणी के समक्ष रखी जावे।

**श्री संजीव जैन,** अध्यक्ष फिरोजाबाद ने कहा कि मीटिंग में पैसा खर्च होता है महासभा से कुछ पैसे शाखाओं को देने चाहिए, जिससे शाखाऐं अपने कार्य कर सकें। साथ ही महासभा द्वारा जो कार्य किये जा रहे हैं उनकी सूचना शाखाओं को देनी चाहिए।

**महामंत्री** ने अवगत कराया कि महासभा की तीन माह में एक मीटिंग होती है जिसमें सभी शाखाओं के अध्यक्ष/मंत्री को आमंत्रित किया जाता है ताकि महासभा की गतिविधियों से अवगत हो सके। महासभा पूर्णतया दान/चंदे पर चलती है, महासभा के पास आय का कोई साधन नहीं है। जिससे वह शाखाओं को अंशदान दे सके।

**श्री मुकेश चन्द जैन,** जयपुर ने बताया कि शाखाओं के अध्यक्ष/मंत्री मीटिंग में ही नहीं आते हैं। क्षैत्रीय संगठन मंत्री सक्रिय नहीं हैं। क्षैत्रीय संगठन मंत्री क्या कार्य करते हैं। शाखाओं को जोड़ने का कार्य संगठन मंत्री का है। संगठन मंत्री सक्रिय होकर कार्य करें।

**श्री मगन चन्द जैन,** क्षैत्रीय संगठन मंत्री ने बताया कि शाखाऐं अपने यहां कोई भी कार्यक्रम अथवा मीटिंग करती है तो उसकी सूचना संगठन मंत्री को नहीं होती है। शाखाओं को उनके यहां होने वाली मीटिंग आदि में क्षैत्रीय संगठन मंत्री को आमंत्रित किया जाना चाहिए।

**श्री प्रमेन्द्र जैन,** आगरा, क्षैत्रीय संगठन मंत्री ने बताया कि शाखाओं का सीधा सम्पर्क महामंत्री से रहता है। उनका संगठन मंत्री से कोई सम्पर्क नहीं रहता है, यदि किसी शाखा का गठन भी होता है तो उसकी जानकारी क्षैत्रीय संगठन मंत्री तक को नहीं होती। अतः शाखाओं को चाहिए कि वे संगठन मंत्री से समन्वय बनायें।

**श्री मृगेन्द जैन,** मुम्बई ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी एक तिथि तय कर दे उस तिथि को सभी शाखाऐं अपने अपने यहां कार्यक्रम करें।

**श्री जीतेन्द्र जैन,** पूर्व महामंत्री ने बताया कि 2 अक्टूबर को पूरे राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम करने का निर्णय पूर्व में लिया हुआ है। ज्यादातर शाखाओं में 2 अक्टूबर को कार्यक्रम होता है। कोराना काल होने के कारण महासभा के पदाधिकारी दौरे नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे समय भी महामंत्री सभी से दूरभाष पर सम्पर्क बनाये हुए हैं। करोना काल के उपरान्त शाखाओं के दौरे किये जावें, जिससे शाखाओं में सक्रियता बढ़ेगी।

**श्रीमती सुनीता जैन,** भरतपुर ने बताया कि महासभा से शाखाओं को टारगेट दिये जावें तथा उनकी मोनिटरिंग होनी चाहिए।

**श्री देवेन्द्र कुमार जैन,** जयपुर ने बताया कि केन्द्र स्तर पर कार्यक्रम तय कर शाखाओं को भिजवाये जावें।

**महामंत्री** ने बताया कि शीघ्र ही कार्यक्रम बनाकर कार्यकारिणी से तय कर शाखाओं को भिजवा दिया जावेगा।

**श्री आशीष जैन,** मुरैना ने बताया कि सभी शाखाओं के अध्यक्ष/मंत्री के फोन नम्बर वेबसाईट पर अपडेट किये जावें, जिससे एक दूसरे से सम्पर्क हो सके।

महामंत्री ने बताया कि सभी से फोटो एवं फोन नम्बर मांगे गये, जिन-जिन लोगों के आ गये वे सब वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये हैं।

**4. अन्य विषय :-**

**श्री हरीश जैन** अजमेर ने बताया कि अजमेर शाखा की पूर्व में एक स्वतंत्र कार्यकारिणी सदस्य की सीट थी। उसमें उदयपुर के साथ शामिल कर दिया गया है। अजमेर की अलग सीट की जावे।

**अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन** द्वारा बताया गया कि इस संबंध में विधान संशोधन के प्रस्तावों पर अलवर में आयोजित बैठक दिनांक 28.02.2021 को चर्चा हो चुकी

है तथा संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हो चुके हैं।

**श्री पारस चन्द जैन (खेरली),** जयपुर ने कहा कि पिछले माह की पल्लीवाल पत्रिका में पेज नं. 11 पर छपे लेख में मुझे टारगेट कर आरोप लगाये गये हैं। मेरा खण्डन का लेख भी पत्रिका में छापा जाना चाहिए।

**महामंत्री** ने बताया कि अब कोई लेख नहीं छापा जायेगा। यदि आपका लेख छापा जायेगा तो श्री ओमप्रकाश जी एडवोकेट कह रहे हैं कि मेरा भी छापा जावे। अतः इस पर यहां चर्चा कर ली जावे तथा सब अपनी-अपनी बात बारी-बारी से रखें।

**श्री अनिल जैन (बी.एस.एन.एल.)** ने बताया कि मैं भूमि समिति का सदस्य था। मैंने जो बात लिखी है वो डॉक्यूमेंट्री प्रुफ के साथ लिखी हैं। प्लाट होल्डर्स के पट्टे जारी करते समय ही महासभा की जमीन का पट्टा भी जे.डी.ए. से मिलना चाहिए था। महासभा की जमीन का पट्टा न दिलवाकर आर-1 प्लाट कब्जा पत्र जारी करवाया गया तथा पट्टे लेने की घोषणा कर दी गई। जबकि आर-1 नाम का कोई भी प्लाट योजना में नहीं। मैंने दिनांक 01.05.2019 को संयोजक, जमीन समिति को पत्र लिखा जे.डी.ए. का पट्टा नहीं मिला है। जयपुर शाखा के अध्यक्ष/ मंत्री को कहा कि पट्टे की कार्यवाही करें। जे.डी.ए. का पट्टा न लेकर, जमीन की रजिस्ट्री करवा दी गई, जिसमें समाज के लगभग तीन से चार लाख रूपये व्यय हो गये। अतः महासभा को इस संबंध में जांच कमेटी का गठन करना चाहिए तथा कमेटी की रिपोर्ट छपनी चाहिए।

**श्री ओम प्रकाश जैन, एडवोकेट,** जयपुर ने कहा कि तीन-चार दिन पूर्व श्री अनिल कुमार जी मेरे पास आये तथा उन्होनें मुझे सारे कागजात दिखाये जिनका मैंने अध्ययन किया। शाखा द्वारा तीन एम.ओ.यू. किये गये। डवलपर/ बिल्डर द्वारा लीज डीड करवाई जानी थी। रजिस्ट्री में महासभा का रजिस्ट्रेशन एवं पेन नं. का उपयोग किया गया क्या इस संबंध में महासभा की केन्द्रीय कार्यकारिणी से स्वीकृति ली गई। शाखा को दिये गये प्लाट को अलग से दिखाया गया है। यह रॉयल जैन सिटी योजना के अंतर्गत नहीं है, जबकि प्लाट योजना के अंतर्गत दिया जाना था।

**श्री पारस चन्द जैन** (खेरली), जयपुर ने कहा कि जो भी निर्णय लिये गये वे शाखा कार्यकारिणी द्वारा लिये गये मेरे अकेले के द्वारा नहीं लिए गये। एम.ओ.यू. पूरी कार्यकारिणी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम एम.ओ.यू. किया गया जिसमें बिल्डर्स से 25,000 गज जमीन खरीदनी थी। जिसके बदले में 6,000 वर्ग गज जमीन बिल्डर द्वारा समाज को देनी थी। इतनी जमीन हम नहीं खरीद पाये फिर 18,000 गज जमीन विक्रय का एम.ओ.यू. किया गया। जिसके बदल 4,320 वर्ग गज जमीन समाज को मिलनी थी। लेकिन इस एम.ओ.यू. की भी शर्त पूर्ण नहीं हो पाई। 16,500 गज जमीन के लिए तीसरा एम.ओ.यू. किया गया। इसी दौरान 21 फरवरी, 2018 को जे.डी.ए. कैम्प की सूचना आ गई। 62 प्लाट होल्डर्स को जे.डी.ए. से पट्टा दिलवा दिया गया। माह जुलाई 2018 में शाखा के चुनाव हो गये एवं नवीन कार्यकारिणी का गठन हो गया। मेरे द्वारा समस्त रिकार्ड नवीन कार्यकारिणी को संभला दिया गया। बिल्डर द्वारा कुछ प्लाट होल्डर्स पर बकाया राशि की मांग की जा रही थी। काफी प्रयास के उपरान्त भी बकाया राशि का भुगतान नहीं कर पाये। डील पूरी नहीं होने के कारण बिल्डर द्वारा जे.डी.ए. पट्टा नहीं दिया। जे.डी.ए. पट्टा का दुःख जितना अनिल जी को है उतना ही मुझे है। नवीन कार्यकारिणी द्वारा प्रोजेक्ट को यहीं समाप्त कर जमीन की रजिस्ट्री कराने का निर्णय लिया गया। यह मुद्दा जमीन की रजिस्ट्री से पहले उठना चाहिए था। जबकि मुझे जयपुर शाखा का मंत्री पद छोड़े हुए लगभग तीन वर्ष हो गये।

**अध्यक्ष** द्वारा बताया कि मुझे इस प्रकरण के जो भी कागजात मिले, उससे यह प्रतीत होता है कि यह योजना पूरी नहीं हो पाई। इसके लिए पारस जी अकेले दोषी नहीं हैं। जमीन 30 फुट रोड पर है अतः उसका संस्थानिक परिवर्तन नहीं हो सकता है। यहां पल्लीवाल भवन नहीं बनाया जा सकता है। यदि टुकड़े करके नियमितिकरण करवाया जाता है तो कम से कम 30 लाख रूपये और चाहिए। कुछ भी हुआ, समाज में कुछ ना कुछ आया ही है। पत्रिका में जो लेख छपा है उस पर पारस जी का स्पष्टीकरण आ गया है। समाज हित में प्रकरण को यही समाप्त कर दिया जावे।

**श्री जीतेन्द्र जैन,** पूर्व महामंत्री ने बताया कि यह प्रकरण नया नहीं है। पारस जी कह रहे हैं कि यह जमीन निःशुल्क आई है, जमीन निःशुल्क नहीं आई है। बिल्डर द्वारा जो जमीन दी गई यह वह समाज के लोगों के द्वारा खरीदे गये प्लाटों के अनुपातिक रूप में दी गई है। एम.ओ.यू. के अनुसार जे.डी.ए. पट्टा नहीं मिला है। बिल्डर द्वारा समाचार-

पत्रों में योजना के जो विज्ञापन दिए गये हैं उनमें पारस जी का नाम विक्रय प्रतिनिधि के रूप में छापा जाता है। बिल्डर से मिलकर किस तरह जे.डी.ए. का पट्टा लिया जावे इस पर विचार होना चाहिए, पारस जी जे.डी.ए. का पट्टा दिलवाने का प्रयास करिये। दोनों पक्ष बैठकर योजना बनायें बिल्डर से जे.डी.ए. पट्टा निकलवायें।

**श्री मुकेश चन्द जैन (अलीपुर), जयपुर** ने कहा कि जब एम.ओ.यू. हुआ, उस समय मैं उपसंयोजक था। लेकिन जमीन संयोजक श्री पारस जी द्वारा सभी जमीन समिति को दरकिनार करना शुरू कर दिया। जिससे हम लोग दूर हो गये। इनकी मनमानी का भुगतान समाज को करना पड़ रहा है। यह तीन-चार लोग ही सब कुछ करते थे इनके अलावा किसी को कुछ पता नहीं है।

**श्री प्रमेन्द्र जैन, आगरा–** आज की तारीख में यह अहम की लड़ाई हो गई। महासभा के बैनर का इस्तेमाल किस की शह पर किया गया। अगर इस पर नोटिस बाजी हुई तो समाज का ही नुकसान है। बैनर का इस्तेमाल करके महासभा को नुकसान किया गया है।

**मनीष जैन, आगरा–** जो गलती हुई वह तो है ही, उस गलती को कैसे सुधार सकते है, उसके प्रयास करने चाहिए। दोनो पक्षों को बैठा कर समाज हित में निर्णय लिया जावे।

**विमल जैन, आगरा–** इस प्रकरण में समाज के बाहर के लोगों की कमेटी बनाकर जांच करवाई जावे। बिल्डर तो जमीन बेच कर अपना काम बना गया और समाज को ठेंगा दिखा दिया।

**श्री ओम प्रकाश जैन एडवोकेट,** जयपुर ने कहा कि कमेटी का गठन कर जांच करवाई जावे। 4,000 वर्गगज जमीन निःशुल्क नहीं है, इसका भार समाज के सभी प्लाट धारकों पर है। खातेधारी पट्टा लेने का निर्णय जयपुर शाखा कार्यकारिणी द्वारा नहीं लिया गया।

**श्री सतीश जैन, पालम–** यह विषय ऐसा है जो लम्बा है, इसलिए दोनों पक्षों को बैठाकर बात करली जावे। उन्होंने पालम में पत्रिका नहीं पहुंचने की बात भी कही।

**श्री अशोक कुमार जैन,** पूर्व महामंत्री- महासभा के अस्तित्व को खतरे में ला दिया गया है। क्या ऐसा कोई प्रावधान है कि महासभा व्यापारिक कार्य करे। इस प्रकरण की न्यायायिक जांच होनी चाहिए।

**श्री पारस चन्द जैन (खेरली)** जयपुर- जयपुर शाखा के लिए जमीन लेने की योजना पहले से ही चल रही थी। हमसे पूर्व की शाखा कार्यकारिणी द्वारा भी योजना बनाई गई, लेकिन सफल नहीं हुई। हमने तो उसी योजना को आगे बढ़ाया है। यह केवल मेरे अकेले का कार्य नहीं है। पूरी शाखा कार्यकारणी का निर्णय है।

**श्री जीतेन्द्र जैन,** पूर्व महामंत्री- इसकी जांच होनी चाहिए, कि समाज को हुए नुकसान के लिए दोषी कौन है। यदि बिल्डर गलत था तो पारस जी को समाज का साथ देना चाहिए था।

**अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन–** प्रकरण का पटाक्षेप कर समाज के हित में निर्णय लिया जावे। पारस जी एवं डवलपर द्वारा जो नोटिस दिये गये हैं वे वापिस लेवें। यदि लीगल एक्शन करते हैं, तो समाज के बाहर के व्यक्तियों की कमेटी बनाकर जांच करवाई जावेगी तथा दोषियों के विरूद्ध न्यायिक कार्यवाही की जावेगी।

**श्री प्रमेन्द्र जैन,** आगरा एवं **श्री मगन कुमार जैन,** अलवर ने महासभा के पटल पर ही निर्णय करने का सुझाव दिया।

**श्री अशोक कुमार जैन** पूर्व महामंत्री, **श्री विमल जैन** आगरा, **श्री मनीष जैन** आगरा, **श्री अनिल कुमार जैन** जयपुर ने कमेटी बनाकर जांच करने का सुझाव दिया।

**श्री पारस चन्द जैन (खेरली)** जयपुर- जमीन समिति को बुलाकर एक मीटिंग रख ली जावे, तथा जो भी दोषी हो उन पर दण्डात्मक कार्यवाही करें।

**अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन** ने कहा कि सर्वप्रथम नोटिस बाजी बंद होनी चाहिए। उसके उपरान्त समाज में बैठकर जमीन के नियमितिकरण के प्रयास किये जाने चाहिए।

**श्री संजय जैन,** सहमंत्री- सर्व प्रथम समाज के स्तर पर ही प्रकरण के निराकरण के प्रयास किये जाने चाहिए, यदि प्रयास सफल नहीं हो तो आगे की कार्यवाही की जावे।

**श्रीमती सुनीता जैन,** भरतपुर- सभी को मिल बैठकर समाज के स्तर पर ही कार्यवाही करनी चाहिए।

**श्री चन्द्रशेखर जैन** पत्रिका संयोजक- श्री पारस जी ने मुझे एवं पत्रिका सम्पादक श्री प्रकाश चन्द जैन को लीगल नोटिस जारी करवाये। श्री पारस जी यह नोटिस वापिस करवायें। अध्यक्ष एवं महामंत्री को जांच कमेटी के गठन हेतु अधिकृत किया जावे।

महामंत्री ने कहा कि पहले पारस जी लीगल नोटिस वापिस करवायें। उसी के बाद समाज के स्तर पर प्रयास किये जावेंगे।

**श्री पारस चन्द जैन** (खेरली) जयपुर- मैंने कोई नोटिस नहीं दिया है बिल्डर ने नोटिस दिया। मैं कल ही अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन साहब के पास चला जाऊंगा तथा सम्पूर्ण वस्तुस्थिति ने अवगत करवा दूंगा।

**अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन-** पारस जी एवं बिल्डर पहले लीगल नोटिस वापिस लेवें। उसके उपरान्त ही समाज के स्तर पर निर्णय लिया जावे अन्यथा समाज के बाहर के सदस्यों की कमेटी बनाकर जांच करवानी होगी।

**श्री पारस चन्द जैन (खेरली)** जयपुर- आप सब साथ चलें बिल्डर से नोटिस वापिस के लिए प्रयास करेगें।

**अन्त में निर्णय हुआ कि पारस जी को दो दिन का समय दिया जावे, वे बिल्डर का लीगल नोटिस वापिस करावें। लीगल नोटिस वापिस होने के उपरान्त ही सामाजिक स्तर पर बैठकर निर्णय लिया जावेगा। अन्यथा उचित कार्यवाही कर प्रकरण में समाज के बाहर के लोगों की समिति बनाकर जांच करवाई जावे एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जावे। जांच समिति बनाने हेतु अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।**

**महामंत्री** ने अवगत कराया कि कोराना काल में हमारे केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री मनोज कुमार जैन अलीगढ़ का देवलोकगमन हो गया, ऐसे ही समाज के अन्य बहुत सदस्यों का देवलोकगमन हुआ है। इस बार समाज के लगभग सभी परिवारों को बहुत पीड़ा से गुजरना पड़ा है, ऐसा कोई परिवार नहीं है जिसके किसी ना किसी रिश्तेदारी में कोई दुःखद घटना नहीं हुई हो। समाज के व्यक्तियों जिनका देवलोकगमन हो गया उन सभी की आत्म शान्ति के लिए दो मिनिट का मौन रखने हेतु महामंत्री ने निवेदन किया। उसके उपरान्त सभी का धन्यवाद कर बैठक समाप्ति की घोषणा कर दी गई।

***-राजीव रतन जैन, महामंत्री***
***अ.भा.प. जैन महासभा***

# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा, शाखा जयपुर का भूमि विवाद

गत कार्यकारिणी समिति की बैठक दि. 18.07.2021 में जयपुर शाखा द्वारा क्रियान्वित की गई। भूखण्ड आवंटन योजना से संबंधित विवाद पर सदस्यों द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। अन्त में निर्णय लिये गये :-

1. अध्यक्ष इस विवाद को समाप्त कराने का प्रयास करें ताकि समाधान समाज के स्तर पर हो सके। शर्त यह होगी कि तत्कालीन शाखा मंत्री एवं संयोजक जमीन समिति श्री पारस चन्द जैन एवं डेवलपर द्वारा श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका के संयोजक को भेजे गए कानूनी नोटिस पहले वापस लिये जावें।

2. यदि समाज के स्तर पर समाधान न हो सके तो अध्यक्ष द्वारा एक जांच कमेटी का गठन किया जावे जो प्रकरण की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे जिसके अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जावे। जांच समिति के सदस्य पल्लीवाल जैन समाज के बाहर से लिये जावें ताकि समिति की निष्पक्षता पर प्रश्न चिह्न नहीं लग सके।


कार्यकारिणी समिति के आदेशानुसार मैंने समाज के स्तर पर समाधान निकालने की भरसक कोशिश की। कई बार श्री पारस जी से विस्तार से चर्चा हुई तथा डेवलपर से भी मैंने चर्चा की। परन्तु दोनों ही कानूनी नोटिस वापस लेने को तैयार नहीं हुए। अतः कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रथम विकल्प के अनुसार समाधान निकालने के प्रयास असफल रहे जिसके लिये मुझे व्यक्तिगत रूप से तथा अध्यक्ष की हैसियत से अत्यन्त खेद है।

ऐसी स्थिति में अब दूसरे विकल्प के अनुसार जांच समिति का गठन किया जाना आवश्यक हो गया है। मैं विभिन्न प्रतिष्ठित एवं निष्पक्ष व्यक्तियों से सम्पर्क कर उन्हें जांच करने हेतु तैयार करने का प्रयास कर रहा हूं। सहमति प्राप्त होते ही जांच समिति का गठन कर कार्यकारिणी को सूचित कर दिया जायेगा।

***-आर.सी. जैन***
*अध्यक्ष, अ.भ.प. जैन महासभा*


TRAFO
Power & Electricals Pvt. Ltd.
TRAFO POWER & ELECTRICALS PVT. LTD.
AN ISO 9001:2008 COMPANY
PRODUCTS
-POWER & DISTRIBUTION TRANSFORMERS
-PRESSED STEEL RADIATORS
-SPECIAL PURPOSE TRANSFORMERS
-PACKAGE SUBSTATION
CONTACT
Trafo Power & Electricals Pvt. Ltd.
C-20 Site-C U.P.S.I.D.C., Industrial Area, Sikandra,
Agra, Uttar Pradesh - 282007, India
Phone No : +91-562-3290391
Fax : +91-562-2640388
E-mail : info@trafo.co.in

# प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन



## स्व. श्री सुधीर जी जैन

*जन्मतिथि : 06.10.1972* *स्वर्गवास : 03.09.2020*

वक्त के साथ जख्म तो भर जायेंगे, मगर जो बिछड़े सफर जिंदगी में
फिर ना कभी लौट कर आयेंगे।
फूलों जैसी जिंदगी वो शेर की तरह जी कर गया,
वादा किया साथ निभाने का, पर बीच में ही साथ छोड़ गए।

*श्रद्धावनत*

नीलम जैन *( पत्नी )*

अर्पित जैन *( पुत्र )* मुस्कान जैन *( पुत्री )*

*और समस्त हसेला परिवार।*

*हम सब परिजन आपके प्रेरणादायक जीवन व आदर्शों को हृदयस्थ रखते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।*

*प्रतिष्ठान :*

**मुस्कान उद्योग**

Opp. UPSIDC, K.K. Nagar, Foundary Nagar, Hathras Road, Agra

*निवास*

34/5 KA बलकेश्वर महादेव मंदिर के पीछे, अवधपुरी, गीता नगर, आगरा

# भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्री निशीथ कुमार जी जैन

(20.11.1950 - 28.04.2021)

**हम सब के प्रिय श्री श्री निशीथ कुमार जैन की पुण्य स्मृति में शत्-शत् नमन।**
**आप बहुत याद आएँगे।**

### श्रद्धावनत

श्रीमती शालिनी (पत्नी)
निशांत - चारू (पुत्र-पुत्रवधू)
तुषार - श्रेया (पुत्र-पुत्रवधू)
नव्या (पौत्री)
निवान, विआन, अवीर (पौत्र)

जस्टिस एन.के. जैन
(पति- बड़ी बहन, स्व. श्रीमती अरूणा जैन)
ध्रुपत - शशि (भाई-भाभी)
अनिल - इंद्रा (भाई-भाभी)
अजय - आरती (भाई-भाभी)
अनीता - बहन (पत्नी- स्व. श्री राजकुमार जैन)
संजय - कल्पना (भाई-भाभी)

एवं संपूर्ण श्री लक्ष्मी चंद जी जैन इंजीनियर परिवार, आगरा
फोन नं. 9868172211 (सिर्फ मैसेज भेजने हेतु)
निवास : 79, प्रथम तल, सविता विहार, दिल्ली-110092

# आठवीं पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि



## श्रीमती शिल्पी जी जैन

(6.7.1977 - 17.9.2013)

*हम सभी परिवारजन आपके प्रेरणादायक चरित्र और जीवन का स्मरण करते हुए श्रृद्धा पूर्वक श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं*

**श्रद्धावनत**

पंकज जैन *(पति)*
कुनाल जैन *(पुत्र)*

मुन्नी देवी जैन
वीरेन्द्र कुमार-महारानी जैन
राजेन्द्र प्रसाद-कुसुम जैन
राधे लाल-विनोद जैन

पवन कुमार-नीरू
शालिनी-सुमित
प्रशम, ऋषभ, सारा

**एवम् समस्त परिवारजन सकतपुर वाले (आगरा)**

निवास :
**फ्लेट नं. 203, गोल्डन सौभाग्य, बी-81, राजेन्द्र मार्ग,**
**बापू नगर, जयपुर-302015**
**सम्पर्क : 9811793746, 9810013895, 9540729705**



*(CR D-2603)*

# प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्री राजकुमार जी जैन (गांधीधाम)

*(सुपुत्र स्व. श्री विमल चन्द जी जैन एवं स्व. श्रीमती कमला देवी जी जैन)*

रिटायर्ड चीफ मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा

*(जन्म तिथि : 24.03.1956) (स्वर्गवास : 08-08-2020)*

*हम सभी परिवारजन अश्रुपूरित नेत्रों से श्रृद्धासुमन अर्पित करते हैं।*
*आपकी प्रेरणा, सद्व्यवहार, स्नेह, मार्गदर्शन हमारे पथ प्रदर्शक का कार्य करते रहेंगे।*
वक्त के साथ जख्म तो भर जायेंगे, मगर वो बिछड़े सफर जिंदगी में, फिर ना कभी लौट कर आयेंगे।

### श्रद्धांजलि

श्रीमती अनीता जैन *(पत्नी)*

भाई : विजय जैन *(गांधीधाम)*
भाई-भाभी : अनिल जैन-भैरवी जैन *(गांधीधाम)*
: अश्विन जैन-अर्चना जैन *(गांधीधाम)*
बहन-बहनोई : बीना जैन-कैलाश चन्द जी जैन *(जयपुर)*
: सुनीता जैन-दिनेश चन्द जी जैन *(दिल्ली)*
पुत्र-पुत्रवधु : निखिल जैन-अपूर्वा जैन *(यू.एस.ए.)*
पुत्री-दामाद : डॉ. नेहा-विनय कुमार *(बैंगलोर)*

भाणेज : डॉ. जैनेन्द्र जैन-डॉ. मनीषा जैन *(जयपुर)*
: नगेन्द्र जैन-विनिका जैन *(यू.एस.ए.)*
: अंकित जैन-सोनल जैन *(यू.एस.ए.)*
: अनुष्का जैन *(दिल्ली)*
भतीजे : अभिषेक जैन-संजना जैन, मैत्री जैन
भतीजी : अभिनव जैन, मिताली जैन, मीत जैन
आदित्य, अदिती, सुहानी, साहिल, अथर्वा एवं आयान

**Firms :**
R.V. Jain & Associates • Softel Machines Ltd.
Quality Engineers • Boch Engineers
RasoiShop Ventures Pvt. Ltd. • Vidhata Engineering Pvt. Ltd.

## विधवा सहायता

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन एवं श्री पंकज जी जैन,** 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 6,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 5001)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन एवं श्री पंकज जी जैन,** 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 5,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 5002)*

★ **श्री अशोक कुमार जी जैन,** डी-189, निर्माण नगर, अजमेर रोड, जयपुर ने विधवा सहायता हेतु रु. 2,100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4917)*

## पत्रिका सहायता

★ **श्री मिथलेश जी जैन एवं श्री विनोद कुमार जी जैन** (कंजोली वाले हिण्डोन सिटी), 42, अर्जुन नगर साऊथ, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर ने अपने सुपुत्र चि. कृष्णा जैन (सुपौत्र स्व. श्रीमती शकुन्तला जी जैन एवं स्व. श्री सुमेर चन्द जी जैन) संग सौ.कां. शिखा जैन सुपुत्री श्रीमती रेखा जी जैन एवं श्री प्रसून कुमार जी जैन (सुपौत्री श्रीमती शारदा जी जैन एवं श्री छगन चन्द जी जैन), खोह वाले अलवर के दिनांक 18 जुलाई 2021 को सम्पन्न शुभ विवाह के अवसर पर रु. 1100/- पत्रिका को भेंट किए। *(र.सं. डी-2580)*

★ **श्री कमलेश कुमार जी जैन** (डीग वाले), 2/36, काला कुंआ हाउसिंग बोर्ड, अलवर ने स्व. श्री सुमेर चन्द जी जैन (डीग वाले) की पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किये। *(र.सं. डी-2511)*

★ **श्रीमती भावना जी जैन, अभिषेक जी जैन एवं अभिलाषा जी जैन** महारानी फार्म, जयपुर ने अपने पूज्य श्री नवीन जी जैन सुपुत्र स्व. श्री निर्मल चन्द जी जैन के दिनांक 21.07.2021 को देवलोकगमन पर उनकी पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किये। *(र.सं. डी-2588)*

## महासभा सदस्यता

1. **श्रीमती वन्दना जी जैन** धर्मपत्नी श्री आशीष जैन, आउटसाईड दिल्ली दरवाजा, कोटिया पाड़ी, अलवर *(र.सं. 4996)*
2. **श्रीमती ऊषा जी जैन** धर्मपत्नी श्री अजीत कुमार जैन, आउटसाईड दिल्ली दरवाजा, कोटिया पाड़ी, अलवर *(र.सं. 4997)*
3. **श्रीमती अलका जी जैन** धर्मपत्नी श्री जिनेश जैन कोटिया, 4/460, काला कुंआ हाउसिंग बोर्ड, अलवर *(र.सं. 4998)*
4. **श्रीमती सरोज जी जैन** धर्मपत्नी श्री पार्श्व कुमार जैन, 87, स्कीम नं. 4, अलवर *(र.सं. 4999)*

## पत्रिका सदस्यता

**3125. Sh. Prashant Ji Jain** S/o Smt. Laxmi Jain, 482/34, Anand Bhawan, Kokul Kunj, Ajmer-305001, Mob.: 8955592952 *(CR D-2576)*

**3126. Sh. Kuldeep Ji Jain,** Bal Mandir School Road, C-202, Vaishnavi Palace, Kota Jn., Kota-324002, Mob.: 7014397791 *(CR D-2578)*

**3127. Sh. Satish Chand Ji Jain,** Flat No. 612, Tower C-Gaur, Sports Wood, Sector 79, Noida (U.P.), Mob.: 9871981382 *(CR D-2579)*

**3128. Sh. Rajeev Ji Jain,** House No. 1147 'A', Arya Nagar, Shri Nagar Road, Ajmer-305001, Mob.: 9829366526 *(CR D-2581)*

**3129. Sh. Shubham Ji Jain** S/o Late Sh. Rajesh Jain, House No. 6, New Agrasen Colony, Bhilwara Road, Beawar, Dist. Ajmer-305901, Mob.: 9529397529 *(CR D-2582)*

**3130. Sh. Vikram Ji Jain,** Alica Nagar 7C-401, Lokhandwala Township, Kandivali East, Mumbai-400101 (Maharastra), Mob.: 9004930534 *(CR D-2585)*

**3131. Sh. Vishal Ji Jain,** Flat No. 1502, Block B-6, Elite Promonade, RBL Layout, Bengaluru-560078 (Karnataka), Mob.: 9829406552 *(CR D-2586)*

**3132. Sh. Arpit Ji Jain** S/o Late Sh. Sudhir Ji Jain, Opp. UPSIDC, K.K. Nagar, Foundary Nagar, Hathras Road, Agra-282006 (U.P.) *(CR D-2513)*

**3133. Sh. Nitesh Kumar Ji Jain** S/o Sh. Satyendra Kumar Ji Jain, Flat G-1, Plot F, Evershine Residency, Vinayak Vihar, Jaipur-302020 *(CR D-2548)*

# शाखा फिरोजाबाद




परम पूज्य गुरूवर 108 आचार्य सुरत्न सागर जी के चातुर्मास के अवसर पर अखिल भारतीय पल्लीवाल महासभा द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन छदामी लाल जैन मन्दिर में किया गया।

नगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के सहयोग से शिविर में लगभग 385 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में हृदय रोग विशेषक डॉ. जी.के. गुप्ता, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ती जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कनुप्रिया शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.बी. ओझा, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. लारा जैन एवं कान नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ. लव कुमार यादव ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निर्देश दिये व दवाओं का भी वितरण किया गया।

शिविर का विधिवत उद्घाटन श्री सम्भव प्रकाश जैन ने किया दीप प्रज्जलन अनिल कुमार जैन एडवोकेट (पूर्व राष्ट्रीय ऑडीटर) ने किया। शिविर में निशान्त जैन, मनोज राशन वाले सतीश चन्द्र सलावदिया (पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), विमल चन्द्र जैन (पूर्व राष्ट्रीय विशिष्ठ उपाध्यक्ष), संजीव जैन (अध्यक्ष), राजीव जैन (उपाध्यक्ष), राजेश जैन (मंत्री), संतोष जैन (कोषाध्यक्ष), प्रिंस जैन (ऑडीटर), प्रदीप जैन, अनुराग जैन, योगेन्द्र प्रकाश जैन (राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य), अनूप जैन, विजय कुमार जैन (पूर्व कार्यकारणी सदस्य), विनोद कुमार जैन 'मिलेनियम', प्रमिल जैन 'एडवोकेट', मनोज जैन आदि उपस्थित थे।

****************************************

परमपूज्य परंपराचार्य, मरसलगौरव 108 श्री सौभाग्यसागर जी गुरूदेव का 17वां आचार्य पदारोहण दिवस स्थिविर संत पूज्य आचार्य 108 श्री सुरत्नसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री छदामीलाल जी जैन के जिनालय, फिरोजाबाद मे बड़े हर्षोल्लास धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरू की पूजा एवं सांकेतिक रूप में उनको पिच्छी आदि भी समर्पित की गई।

श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्र विधान किया गया। इस अवसर पर श्री पल्लीवाल जैन महासभा, फिरोजाबाद शाखा द्वारा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं एस.एन.एम. जिला अस्पताल फिरोजाबाद के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर का शुभारंभ उधोगपति श्री विनोद जैन 'मिलेनियम' द्वारा फीता काट कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हंसराज सिंह एवं श्री अनूप चंद्र जैन एडवोकेट द्वारा किया गया। शिविर में रक्तदान प्रभारी डॉ. नवीन जैन, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. चन्द्र प्रकाश एवं उनके सहयोगियों ने




32 यूनिट ब्लड दाताओं से एकत्रित किया गया। शिविर संयोजक सतीश चन्द्र जैन सलावदिया, संजीव कुमार जैन नीटू ने चिकित्सा अधीक्षक एवं उनके सहयोगियों का पीत टुपपटा पहना कर सम्मान किया। सभी रक्तदाताओं को शाखा अध्यक्ष संजीव जैन, महामंत्री राजेश जैन बीटू, कोषाध्यक्ष संतोष जैन ने मधुर पेय, सर्टिफिकेट, उपहार भेंट किये। प्रमिल जैन एडवोकेट, प्रदीप जैन, मनोज जैन, कोणार्क सलावदिया, प्रिंस जैन, पोंपी जैन, रूनक जैन, योगेंद्र प्रकाश जैन, सुधीर जैन, कीर्ति जैन, सैजल जैन और अनुराग जैन बर्षायोग कमेटी के अध्यक्ष निमिष जैन, महामंत्री शैलेंद्र शैली, कोषाध्यक्ष आदि ने अपना सहयोग दिया।



# शाखा इन्दौर

## *ख्यात गणितज्ञ डॉ. अनुपम जैन सम्मानित*

कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ इन्दौर के मानद सचिव व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान डॉ. अनुपम जैन का अ.भा.पल्लीवाल जैन महासभा की इन्दौर शाखा द्वारा सम्मान किया गया। डॉ. जैन का भव्य स्तर पर अभिनंदन समारोह आर्यिका शिरोमणि ज्ञानमती माताजी, आचार्यश्री अनेकांतसागरजी महाराज के सान्निध्य में आगामी 5 सितम्बर 2021 को दिल्ली में होने जा रहा है। उसी समारोह में उन्हें 'अनुपम गणितज्ञ' नामक अभिनंदन ग्रंथ भी समर्पित किया जाएगा।




वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयसेन जैन ने बताया कि कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ इन्दौर में आयोजित पल्लीवाल जैन महासभा की इन्दौर शाखा द्वारा आयोजित एक समारोह में डॉ. अनुपम जैन को शॉल, श्रीफल व पगड़ी आदि पहना कर सम्मानित किया गया।

समारोह के प्रमुख अतिथि श्री चंद्रशेखर जैन, संयोजक श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका, जयपुर थे। चन्द्रशेखर जैन के इन्दौर आगमन पर महासभा की इन्दौर शाखा ने इनका भी सम्मान किया। सभा में महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुमतप्रकाश जैन ने डॉ. अनुपम जैन का परिचय दिया। राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीवरतन जैन ने डॉ. जैन की उपलब्धियों के साथ-साथ महासभा की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। शाखा अध्यक्ष श्री रत्नेश जैन ने सभा का संचालन किया। कोरोना काल में दिवंगत समस्त आत्मीयजनों को सामूहिक श्रद्धांजलि भी दी गई। शाखा के मंत्री श्री सुधीर जैन ने आभार माना।

## पाठक-पत्र

'श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका' के जुलाई 2021 में आपके द्वारा संकलित 'यह मेरी मां है' बेहद रोचक एवं ज्ञानवर्धक कहानी पढ़ने को प्राप्त हुई, कहानी का अंतिम भाग आंसुओं के साथ पढ़ा गया। ऐसा सुंदर उपहार पत्रिका में छापने के लिए आपको बहुत-बहुत साधुवाद एवं बधाई।

*–राकेश कुमार जैन* (ADRDE) आगरा

# शाखा जयपुर

## *वैक्सीनैशन कैम्प का आयोजन*



दिनांक 31-7-2021 को श्रीमती अर्चना शर्मा उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सानिध्य मे कीर्ति नगर विकास समिति एवं पल्लीवाल जैन युवाओं के द्वारा पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कीर्ति नगर जयपुर में निःशुल्क कोविड वेक्सिनेशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 550 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। वैक्सीन कैम्प का आयोजन समिति अध्यक्ष श्री पारस जैन कीर्ति नगर द्वारा किया गया। उनके साथ श्री देवेश जैन तिजारा एवं श्री मनीष जैन राकड़ी सोडाला उपस्थित थे। कैम्प प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक लगाया गया।

************************************



स्वतंत्रता दिवस के 75वें समारोह के शुभ, पावन एवं गरिमामय अवसर पर आज पल्लीवाल जैन भवन में अध्यक्ष श्री राजेंद्र जी केमरी वाले के द्वारा झंडारोहण किया गया। जिसमे मंत्री श्री देवेन्द्र जी, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य पारसमल जी बरगंमा, मुकेश जी एवं देवेश जी तिजारा, प्रदीप जी, मुकेश जी, राजेश जी, रवि जी, मनीष जी राकड़ी सोडाला, पारस जी, अजीत जी फुलबारा आदि कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोक उपस्थित रहे। आज निश्चय किया गया कि हमारा प्रत्येक कर्म, कार्य देश की स्वतंत्रता एवं अक्षुण्णता के दृष्टिगत, सौद्देश्य रहेगा।

# श्रृद्धा भक्ति

मानव जीवन पुण्योदय से मिलता है, इस भव्य जीवन में पुण्योदय का संग्रह रखना जीवन की बहुत जटिल कसौटी है। जीवन को साधना, उसे अनुपम बनाना, कसौटी के योग्य बनाना, इस जीवन रूपी बगीचे में अनेक प्रकार के पुण्यों को सींच कर तैयार करे जीवन में समावेश करें, ये पुण्य हैं - विनम्रता, सरलता, सरसता, अमृतवाणी, प्रसन्नता, श्रृद्धा भक्ति। ये है जीवन रूपी खजाने में रखने योग्य कंचन, ये गुण जीवन के तप हैं कहते हैं तप ही तो जीवन का सार हैं।

तप के बिना श्रृद्धा नहीं, श्रृद्धा के बिना भक्ति नहीं, भक्ति के बिना स्तुति नहीं, स्तुति के बिना सिद्धी नहीं और सिद्धी के बिना मुक्ति नहीं। इनको जीवन में उतारना अन्तःकरण का योग है। जीवन एक आईना है, दर्पण है जो अर्पण से लेकर समर्पण की सारी क्रियाओं को दर्शा देता है। संयम समर्पण को जोड़ता है समर्पण भक्ति को जोड़ता है। भक्ति ही परमात्मा को जोड़ता है। संयम को साधना ही सबसे कठिन तप है जीवन के आईने में गन्ध न लगने पाये इसके लिए श्रुत- ज्ञान-सुघा की वर्षा से प्रभु के अस्तित्व में लबालब होना है।प्रभु की भक्ति में तपना है। आत्मा की ज्योति को नेत्रों की ज्योति में समीकरण करले तथा अपने कर्णो को कर्म जयी कुण्डलों से सजाए ताकि प्रभु की अमृतवाणी ही प्रवेश हो सके।

हे भक्त श्रावक गण - कायोत्सर्ग दशा ही शरीर की विरक्ति है और भक्ति का प्रताप ही तप है। अध्ययन, मनन, विवेक, वैराग भावना निर्मल अतरंग में रमना, इनका संकल्प ही आत्मा में प्रवेश का दृढ़ता से समर्पण से निर्मल होता है अन्तर्मन। अन्तर्मन आत्मा में प्रवेश करती है और आत्मा परमात्मा के निकट पहुंचकर आत्म ज्योति को जागृत कर देती है।

हे श्रेष्ठीजन शरीर के कण-कण से रोम-रोम से, अन्तर्मन से, आत्मा से पूछिए जानिए क्या आप प्रभु के सम्मुख स्थिर मुद्रा में स्थिर मन स्थिर विचारों से स्थिर संकल्प से, स्थिर अन्तर्मुखी भावों से कुछ अवधि के लिए बैठते हैं और परिक्षा करने स्वयं को। ये क्रिया हो ही नहीं पाती। मोह चक्रव्यूह रचता है। मन दौड़ता है उफान लिए। अन्तर्मन में क्रांति के बीच उत्पन्न ही नहीं हो पाते। आचरण वृद्धि हो ही नहीं पाती। संयम की डोरी झूलती लहराती है सोचिए भगवान आपक हृदय में कैसे दस्तक देंगे। आदमी चल रहा है राकेट की चाल से धर्म चल रहा है बैलगाड़ी की चाल से।

हे सुखान्त अध्यात्मा, मनुष्य जन्म लेता है कुछ कर गुजरने के लिए। फूल खिलते हैं बगीचों में खुश्बू देने के लिए। अपनी भक्ति को संभाल अक्षय निधि से, चेतन की क्षुधा से, मोह तिमिर के नाम से, श्रृद्धा के पावन सुनम से। बस कर्मो के नाश से भाव पुण्यों को जमा दुर्ध्यान का नाश, निर्मल नेत्रों से प्रभु को निहार फिर अंतरात्मा से अनुकम्पा फूटेगी जैसे ही प्रभु अवश्य दस्तक देंगे। सारा जीवन उत्सव बन जायेगा। भक्ति मुझमें वैसी ही हो जैसे भक्तासर के पांचवें पद में दर्शायी गई है। तुझमें धार्मिक उर्जा है। इसी उर्जा की आवश्यकता है दर्पण की चेतन की जागृति की। भक्ति में चन्दन जैसी खुश्बू हो ओर प्रभु की दिव्य ध्वनि में घुल जाना है ताकि भक्ति की झंकार वह उठेगी श्रृद्ध भक्ति और समर्पण से। कल्पवृक्ष बन के तो दिखलाओ परमात्मा को मत  खोजो स्वयं को खोजो परमात्मा स्वयं मिल जायेगे। यह निश्चय है।

पुरुषों की अपेक्षा भक्ति की पटरी पर चलने वाली स्त्रियां ही अपने अमूल्य समय एवं आन्तरिक भावों को प्रभुजी के चरणों में अधिक समर्पित करती हैं। स्त्रियां अन्तर्मन को प्रभु की भक्ति की डोरी से अधिक बांध लेती हैं। मन निराकुलता से समर्पित होकर भक्ति में लीन भक्ति रस की गूंज अमृतवाणी के द्वारा ध्वनि वर्तुल रूप से सिद्धालय तक पहुंच जाती है।

याद रखो चिन्तामणि रत्न मनुष्य पर्याय फिर मिलना दुर्लभ है। इसे पाने हेतु सुरपति भी तरसते हैं जारिए भक्ति का प्रतापः-

चन्दनासती, सीतासती, सोमासती, अंजना, चेलना रानी, गुल्हिका देवी की लुटिया, सरस्वती देवी का स्वप्न।

मुनिसमंतभद्र, राजा श्रोणिक, धनन्जय कवि, गजराज मुनि, विष्णु कुमार मुनि, अंजन चोर, सुकुमार मुनि, इनके आदर्शो को अपने हृदय में धारण कर भक्ति की पटरी पर चलते रहो, जागेगा सौभाग्य और मिलेगी मन को शान्ति पाप कर्म कटते चले जायेग, पुण्य उदय होगा। प्रभु अवश्य ही आपके हृदय में दस्तक देंगे।

***–छगनलाल जैन*** *(हरसाना वाले)*
*अलवर*

# अहिंसा, हारमोनी एवं जैन हेरिटेज चेयर की स्थापना

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू (अम्बेडकर नगर), इन्दौर की कुलपति प्रो. आशा शुक्ला द्वारा वि.वि. में अहिंसा, हारमोनी एवं जैन हेरिटेज चेयर की स्थापना की गई है। इस चेयर के अन्तर्गत अहिंसक जीवन शैली के सन्दर्भ में अनुसंधान, प्रचार-प्रसार साम्प्रदायिक सौहार्द के विकास के साथ में जैन विरासत के सर्वेक्षण, संकलन एवं संरक्षण की अनेक योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जायेगा।

कुलपति महोदया ने अपने आदेश दिनांक 10.08.21 के माध्यम से प्रसिद्ध गणित इतिहासज्ञ एवं जैन मनीषी प्रो. अनुपम जैन (सलाहकार, श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका) को इस चेयर का मानद चेयर प्रोफेसर मनोनीत किया है। डॉ. अनुपम जैन के 40 वर्षीय शोध कार्य एवं संस्था संचालन के सफल अनुभव के आधार पर इस चेयर की सफलता हेतु सभी वर्ग के लोग आश्वस्त हैं कि चेयर अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में सफल होगी।

इस अवसर पर कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ के निदेशक डॉ. सूरजमल बोबरा, श्री अमित कासलीवाल, प्रो. एस.के. बंडी, हसमुख गाँधी, टी.के. वेद, आजाद जैन, अशोक खासगीवाला एवं महाविद्यालयीन शिक्षा सेवा से जुड़े अनेक मित्रों ने डॉ. अनुपम जैन को इस वरिष्ठ पद पर मनोनयन हेतु बधाई दी।

## कक्षा 10वीं एवं 12वीं के वर्ष 2020 में घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में 90% एवं ज्यादा अंक लाने वाले पल्लीवाल समाज के बच्चों को हार्दिक शुभकामनाऐं



**देशना जैन – X (CBSE)** 91%

पुत्री श्रीमती मधु जैन एवं श्री पारस जैन गहनौली (सहसंपादक, श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका) जयपुर



**द्विजा जैन – X (CBSE)** 94.2%

पुत्री श्रीमती रचना एवं श्री मनीष जैन देवी नगर, जयपुर



**दीपक जैन – XII (RBSE)** 94.2%

पुत्र श्रीमती मंजू एवं श्री महावीर प्रसाद जैन धनवाड़ा रोड, कुम्हेर, भरतपुर

परम पूज्य बुन्देलखण्ड केसरी उपसर्ग विजेता आचार्य सिद्धांत सागरजी महाराज का 17 पिच्छी का 2021 का चातुर्मास कलश स्थापना दि. 24.7.2021 को श्री दिगम्बर जैन गणधर तीर्थ क्षेत्र बेला जी में की गई। आपको क्षेत्र के संयोजक श्री आर.के. जैन ने प्रबंध कारिणी कमेटी के साथ गुरुदेव को श्रीफल समर्पित कर गुरुदेव से बेला जी में निवेदन किया। कार्यक्रम में आचार्य सन्मति सागर जी का चित्र अनावरण मनीष जैन परिवार सिहोर व दीप प्रज्ज्वलित ऋषभ कुमार जैन इन्दौर (प्रचार सचिव अ.भा.पल्लीवाल महासभा शाखा इन्दौर) ने किया। इस अवसर पर पाद प्रक्षालन श्रीमती रेखा अजमेरा परिवार भोपाल द्वारा किया गया तथा क्षुल्लिका, सक्षम मति माताजी को आर्यिका दीक्षा दी गई जो आर्यिका सक्षम ज्ञति बनीं।





# द्रव्य दृष्टि-भाव दृष्टि
# द्रव्य जागरण - भाव जागरण

संसार में मानव जीवन की रचना के साथ ही शारीरिक क्रियाओं की व्यवस्था हेतु दो विशेषताएं साथ में दी गई-हंसना और सोचना! इनके प्रयोग करने तथा जीवन अपने सुचारू अन्यथा-अव्यवस्थित रखने के लिये प्रभु ने मन के उपकरंण की डोरी से बांध दिया। मन दौड़ता रहता है जीवन को अंधेरे की ओर और उजाले की ओर। यहीं से शुरू हो जाती है जीवन की अच्छाईयां -बुराईयां।

आत्मा और मन में लड़ाई भी होता है। कभी -कभी किसी कार्य को न करने के लिए आत्मा प्रबल बन जाती है। कभी मन प्रबल हो कर उछलकूद मचाता है। जीवन इसी संघर्ष में अच्छाईयां-बुराईयों की डोरी से बंधता है। सोचना-विचारना-निर्णय लेना इन दोनों के निर्णय से आगे कदम बढ़ाता है। कभी-आत्मा प्रबल कभी मन प्रबल। इन्हीं के द्वारा उत्पत्ति होती है द्रव्य दृष्टि की भाव दृष्टि की।

द्रव्य दृष्टि से सभी जगे हुए हैं। इस दृष्टि से जीवन में ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, निन्दा, बुराई, अंधकार, क्रोध, प्रतिशोध, बैर, विरोध, शोषण, राग आदि के भाव पैदा होते हैं। द्रव्य दृष्टि एक ऐसी है जो मनुष्य के कदमों को डगमगाती रहती है। इससे जीवन में संतोष की लहरें उठ नहीं पाती। इस दृष्टि से अर्थात् द्रव्य जागरण से अनेक पापों का बन्धन होता है, द्रव्य जागरण अनेक प्रकार की जड़े फैलाता है जैसे-घमण्डी, मायाचारी, धोखाधारी, आतंककारी, अहंकारी। इन विचारों के भाव वालों को न तो प्रकाश मिल पाता है न कभी शान्ति।

द्रव्य जागरण अस्मक व्याधि रोग है। जो विस्तृत रूप ले लेता है। देखिए धरती तारे चांद पेड पौधे, पशु मुस्कुराते हैं। सारी प्रकृति प्रसन्न है गुनगुना रही है केवल मनुष्य उदास है, गमगीन है, निराश है, कुण्ठित है, हताश है क्योंकि कामना पूरी नहीं होती। कामनाऐं अनन्त हैं तथा आगे बढ़ती जाती है। कामना कभी किसी की पूरी नहीं हुई ही नहीं, सदा अधूरी रहती हैं, अर्थी उठ जाती है परन्तु कामना साथ ही जाती है। भण्डार पूरे हैं पर संतोष नहीं यह है द्रव्य दृष्टि, द्रव्य जागरण।

मनुष्य भाव दृष्टि रखे अर्थात भाव जागरण अपने हृदय में जागृत करे मन को संयम की डोरी से बांध, भाव दृष्टि के जागरण का अनुसरण करे तो यह पथ आत्मा तथा मन को संयमित रख प्रभु की भक्ति की रास्ते का अनुसरण करता है। भाव भक्ति ही जीवन की जागृति है। जीवन को सुगन्धित एवं प्रेममयी बनाने के लिए आवश्यकता है भाव जागरण की। भाव जागरण में प्रेम-प्रमोद, दृष्टिकोण, गुण, विनय, क्षमा, समझा, सहयोग, शान्ति आदि सद्गुणों के भाव जागृत होते हैं। जीवन सरस एवं मधुमय होता है जीवन उन्नतशील होता है। भाव जागरण, तप, त्याग, संयम, परोपकार, वात्सल्य के भाव अन्तरमन को प्रभावित कर जीवन को आदर्श रूप में समर्पित करता है। भाव जागरण न ही अंहकार को जगह देता है और न ही कामना को।

भाव जागरण आत्मा से उपजता है। हृदय सींचता है तथा निर्मल नेत्रों में समा जाता है। यह कामना पैदा ही नही होने देता। सदैव सन्तोष की लहरों में गोता लगाता रहता है। यह है भाव जागरण का स्वरूप। भाव जागरण का लक्ष्य शुभ सृजन करना है।

भाव जागरण करने से मनुष्य के पूर्ण विकास विकसित होते हैं। आवश्यकता है भाव जागरण करने की। भाव जागरण से ही मनुष्य कल्पवृक्ष के स्वप्नों को साकार करने की क्षमता रखता है। जीवन को द्रव्य भाव में अधिक न उलझावें तथा भाव जागरण कर जीवन को सुरभ-सुरभित बनाये। जिसने जीना सीख लिया उसने भाव जागरण कर लिया। ये ही सकारात्मक विचार आपके जीवन में गुणात्मक विचार ला सकते हैं। इन्हीं विचारो से मनुष्य ईलायची की खुश्बुनुमा मृदुता-प्रकाशमान-अद्भुत अतुलनीय होता है।

भाव जागरण तप है, साधना है, संयम है, मन को संयम की डोरी से बांध के रखने का चाबुक है भाव जागरण ही तो उजाला है जीवन का जो अपनी प्रकाशित किरणों द्वारा जगमगा देता है जीवन साधना को, यही जीवन की चमक प्रभु के द्वार तक पहुंचने की प्रथम सीढ़ी है। भाव जागरण ही स्वर्ग के दरवाजा खोलने की चाबी है।

**-मधु जैन**
*टावर 3, फ्लैट नं. 308,*
*कामाक्षी भवन, शालीमार, अलवर*




**PRODUCTS :**
**Transmission Line Towers (HT&LT), Telecom Towers, Wind Mill Structures, Sub-Station Structures, Lattice Structures, RSJ Poles & GI Earthing Strips.**

**FULLY EQUIPPED ULTRA MODERN FABRICATION AND GALVANIZING PLANT WITH EOT CRANES, HOISTS, POWER TROLLEYS, TESTING LABS & ETP SYSTEM TO ENSURE GREEN ENVIRONMENT**

**Fabrication & Galvanizing done as per**
**IS, BIS, ASTM, DIN & ISO Standards**
**Bath Size : 9m (L) x 0.8m (W) x 1.4m (D)**
**Plant Capacity : 18000 Tons / Year**

# Vijay Transmission
## PVT. LTD.

**Plant :**
PNH No. 100, Village Kanhera, Block Dharsiva, Uria Acholi Marg, Dist. Raipur-492001
Tel.: (0771) 305 4900 • Fax : (0771) 232 3162

**Corporate Office :**
210, 211, 2nd Floor, Kamla Space, S.V. Road, Santacruz (West), Mumbai-400054
Tel.: 022-262183401 • Fax : +91-022-26609915
E-mail : info@vijaytransmission.com

# भावभीनी श्रद्धांजलि



**स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन**

*(सुपुत्र स्व. श्री हरीशचन्द्र जी जैन)*

*(पुण्यतिथि : 21.5.2017)*



**स्व. ई. श्री मोहित कुमार जी जैन**

*(सुपुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन)*

*(पुण्यतिथि : 9.8.2018)*

हम आपको सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए
भगवान वीर से आपकी चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।

## श्रद्धावनत

**श्रीमती मिथलेश जैन**
*( धर्मपत्नी )*
**डॉ. मेघा जैन-डॉ. पीयूष जैन**
*( पुत्री-दामाद )*

**श्रीमती मिथलेश जैन**
*( माँ )*
**डॉ. मेघा जैन-डॉ. पीयूष जैन**
*( बहन-बहनोई )*

## मोहित कुमार जैन ट्रस्ट (पंजि.)

ए/165, पालम एक्सटेंशन, सेक्टर 7, द्वारका, नई दिल्ली-110077
दूरभाष : 9599660709, 9599230509

# पंचम पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि



जन्म :
9 दिसम्बर 1936

स्वर्गवास :
9 सितम्बर 2016

## स्व. श्री स्वरूप चन्द्र जी जैन

*( अटारी वाले )*

*हम सभी परिवार के सदस्यों की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि।*
*आपका कर्मठ व्यक्तित्व सदा हमारी प्रेरणा बना रहे।*

श्रद्धावनत

*धर्मपत्नी :* शीला जैन
*पुत्र-पुत्रवधु :* डॉ. अनिल-डॉ. शैली जैन

*पुत्री-दामाद :*
प्रतिभा-श्रीमोहन
ज्योत्सना-निर्मल
साधना-अनुपम

*पौत्र, पौत्री :*
अक्षत, आरूषि
समकित, सोनल

*निवास :*
सी-1/28, पोकेट-4, केन्द्रीय विहार, सेक्टर 82, नोयडा (यू.पी.)

*With Best Compliments From*






**Authorised Distributor for**

- ★ Johnson & Johnson Ltd.
- ★ SD. BIO SENSOR
- ★ Ortho Clinical Diagnostics
- ★ Lifescan-Division, for one touch Brand Glucometers & Strips.
- ★ Biorad Laboratories
- ★ Alere Medical
- ★ Transasia Biomedical Ltd.
- ★ LILAC Medicare

**Sanjay Jain - Rajeev Jain**

# S.R. Enterprises

223, Bichoon Market, Kishanpole Bazar, Jaipur-302 003
Ph.: (O) 2322089, 2323903 (R) 2546017 • Fax : 0141-4022089
(M) +91-98290 12628, 94140 76265

# क्या बहन बेटियाँ मायके सिर्फ लेने के लिए आती हैं?

